# ग्लास सीलिंग

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस की पुष्टि राजनीति में महिलाओं के लिये **"सबसे कठिन बाधाओं (highest, hardest glass ceiling)" को तोड़ सकती है।**

- वर्ष 2016 में एक प्रमुख अमेरिकी पार्टी द्वारा राष्ट्रपति पद के लिये नामित होने वाली पहली महिला हिलेरी क्लिंटन का मानना है कि इससे कमला हैरिस 47वीं अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकती हैं।

## ग्लास सीलिंग:

- यह शब्द उन **अदृश्य बाधाओं को संदर्भित करता है, जो महिलाओं** और अन्य हाशिये पर स्थित समूह को पर्याप्त योग्यताएँ और क्षमताएँ होने के बाद भी **उनके कॅरियर में वरिष्ठ पदों तक पहुँचने से रोकती हैं।**
- यह वाक्यांश वर्ष 1960 और वर्ष **1970 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में नारीवाद की दूसरी लहर** के दौरान लोकप्रिय हुआ, यह वह समय था जब महिलाएँ कार्यस्थल पर समानता की मांग कर रही थीं।
  - इस अवधि में अमेरिका में भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से कानून बनाये गये, जैसे **की नागरिक अधिकार अधिनियम, 1964 की धारा VII।**
- प्रगति के बाद भी ग्लास सीलिंग की निरंतरता को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा स्थापित **ग्लास सीलिंग आयोग (1991) द्वारा रेखांकित किया गया था**, जिसने पाया कि कार्यबल में महिलाओं का हिस्सा लगभग 46% है और सभी मास्टर डिग्री अर्जित करने वालों में से आधे से अधिक संख्या महिलाओं की ही थी, परंतु फिर भी 95% वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों के पद पर पुरुष थे।

**अधिक पढ़ें:** महिलाओं का सशक्तीकरण, भारत का उत्थान।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/glass-ceiling